पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 23 मई, 2022



# पूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अग्रवाल कॉलेज में पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह में सीए प्रदीप बंसल को सम्मानित करते प्रिंसिपल डॉ.केके गुप्ता।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की पूर्व छात्र मिलन संगठन के द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र (सीए) कैलाश चंद गुप्ता व पूर्व छात्र (सीए) प्रदीप बंसल रहे। पूर्व छात्र मिलन संगठन अध्यक्ष व मार्गदर्शक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह में महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया, जो कि समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी एलुमनाई को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वो सभी संस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है; और जिस प्रकार से आप अपने ज्ञान, विकास, विवेक, शिक्षा, कौशल से महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं; यह गर्व की बात है। जीवन में फेल होना बड़ी बात नहीं, अपनी कमजोरियों को अपनी ताकत बना कर जीवन पथ पर चलने की सलाह दी और गुरुदक्षिणा के रूप में सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के साथ जुड़े रहें। इस बात पर बल दिया। इस अवसर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ. के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कैलाश चंद गुप्ता ने अपने संबोधन से इस मिलन समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से यादें पुनर्जीवित हो गई। इस अवसर पर (सी.ए.) प्रदीप बंसल ने भी अपने विचारों से अवगत कराते हुए उपभोक्ता अधिनियम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी अपने जीवन की सभी कामयाबी का श्रेय महाविद्यालय को देते हुए आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं को स्वयं रोजगार करने के लिए प्रेरित किया।